देना बैंक
DENA BANK
(भारत सरकार का उद्यम)
विश्वस्त पारिवारिक बैंक

ProDiGiTAL

वार्षिक रिपोर्ट 2016 - 17
Annual Report 2016 -17

स्मरणीय पल
Memorable Moments

08.06.2016 को राजकोट अंचल में आयोजित मेगा वित्तीय साक्षरता कैंप के उद्घाटन के अवसर पर दीप प्रज्ज्वलित करते हुए श्री वेंकैया नायडु, युनियन कैबिनेट मंत्री एवं श्री जयंत सिन्हा, वित्त राज्य मंत्री एवं उनके दायीं ओर हैं श्री अश्वनी कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक.

On 08.6.2016, Dena Bank, Rajkot Zone organized Mega Financial Literacy Camp. It was inaugurated by lighting the lamp by Shri Venkaiah Naidu, Union Cabinet Minister and Shri Jayant Sinha, State Minister of Finance and to his right Shri. Ashwani Kumar, Chairman & Managing Director.

06.01.2017 को देना ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान – भुज के उद्घाटन के अवसर पर दीप प्रज्ज्वलित करते हुए माननीय सांसद (कच्छ) श्री विनोद भाई चावडा एवं श्री अश्वनी कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक.

On 06.01.2017, Shri Vinodbhai Chawda, Member of Parliament (Kutch) and Shri Ashwani Kumar, Chairman & Managing Director lighting the lamp at the inauguration of Dena Rural Self Employment Training Institute.

21.03.2017 को गांधीनगर में आयोजित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (गुजरात) की बैठक हेतु पधारे गुजरात के मुख्य मंत्री माननीय श्री विजय रुपाणी व श्री अश्वनी कुमार, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक.

Shri Vijay Rupani, Honorable Chief Minister, Gujarat & Shri. Ashwani Kumar, Chairman & Managing Director seen at the meeting of State Level Bankers Committee held at Gandhinagar on 21.03.2017.

05.01.2017 को अहमदाबाद में राज्यसभा अधीनस्थ विधि–निर्माण समिति के अध्ययन दौरे में डॉ. टी. सुब्बारामी रेड्डी, अध्यक्ष (समिति) का अभिवादन करते हुए श्री अश्वनी कुमार, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक.

Shri Ashwani Kumar Chairman & Managing Director greeting Dr. T. Subbarami Reddy, Chairman - Rajyasabha Committee on Subordinate Legislative during an educational tour at Ahmedabad on 05.01.2017.

20.03.2017 को पूर्वोत्तर राज्य नागालैंड की पहली शाखा दीमापुर का उद्घाटन श्री अश्वनी कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा किया गया.

Shri Ashwani Kumar Chairman & Managing Director inaugurated Dimapur, the first branch in North Eastern State Nagaland on 20.03.2017.

निदेशक मंडल
Board of Directors

श्री अश्वनी कुमार
Shri Ashwani Kumar

श्रीमती तृष्णा गुहा
Smt. Trishna Guha

श्री रमेश सिंह
Shri Ramesh Singh

श्री अशोक कुमार सिंह
Shri Ashok Kumar Singh

श्री एस. सी. मुरमु
Shri S C Murmu

श्री बंकिम आर. देसाई
Shri Bankim R Desai

श्री अमित चटर्जी
Shri Amit Chatterjee

श्री जी. गोपालकृष्ण
Shri G Gopalakrishna

डॉ उमेश बेल्लूर
Dr Umesh Bellur

श्री वी. चंद्रसेकरन
Shri V Chandrasekaran

डॉ. यशोवर्धन वर्मा
Dr Yasho Verdhan Verma

वर्ष 2016-2017 के दौरान निम्नलिखित निदेशक भी बैंक के मंडल में शामिल थे. During the year 2016-2017, the following Directors also served on the Board of the Bank. श्री ए. सुब्रह्मण्य Shri A. Subramanya (Up to 04.12.2016)

शीर्ष प्रबंधन वर्ग
Top Management Team

श्री बी. एम. नंदा
Shri B M Nanda

श्री निर्मल जोशी
Shri Nirmal Joshi

श्री एम. के. भाटिया
Shri M K Bhatia

श्री एस. सरकार
Shri S Sarkar

श्री डी. के. दुआ
Shri D K Dua

श्री एस. के. वाधवा
Shri S K Wadhwa

श्री सी. एस. मीणा
Shri C S Meena

श्री सेल्वाराज के.
Shri Selvaraj K

श्री वी. एस. खीची
Shri V S Khichi

श्री एस. धर्मराजन
Shri S Dharmarajan

श्री बिश्वरूप दास
Shri Biswarup Das

श्रीमती उषा रवि
Smt Usha Ravi

श्री आर. के. भारद्वाज
Shri R K Bhardwaj

श्रीमती जया चक्रवर्ती डे
Smt Jaya Chakravarty De

श्री रोहित पटेल*
Shri Rohit Patel*

(* 6 अप्रैल 2017 से)
(* w.e.f 6th April 2017)

साल 2016-2017 के दौरान निम्नलिखित महाप्रबंधक भी बैंक की सेवा में थे.
During the year 2016-2017, the following General Managers also served the Bank.

श्री के. सी. छिपा
Shri K. C. Chhipa (Up to 31.08.2016)

श्री राजीव अग्रवाल
Shri Rajiv Aggarwal (Up to 31.03.2017)

विषय सूची / CONTENTS

	पृष्ठ सं.		Page No.
वर्षवार तुलनात्मक कार्य-निष्पादन	2	Yearwise Comparative Perfomance	2
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश	4	Message From Chairman & Managing Director	143
निदेशकों की रिपोर्ट	7	Directors' Report	145
प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण	10	Management Discussion and Analysis	147
कारोबार उत्तरदायित्व रिपोर्ट	26	Business Responsibility Report	160
कार्पोरेट अभिशासन रिपोर्ट 2016-17	31	Corporate Governance Report 2016-17	165
निदेशकों की रुपरेखा	42	Directors' Profile	175
बेसल III प्रकटीकरण	49	Basel III Disclosures	181
स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	97	Independent Auditors' Report	226
तुलन पत्र	98	Balance Sheet	227
लाभ एवं हानि लेखा	99	Profit & Loss Account	228
नकदी प्रवाह विवरण	133	Cash Flow Statement	261
सूचना	136	Notice	264
मुख्तारी (प्रॉक्सी) फार्म	140	Proxy Form	268
उपस्थिति-सह-प्रवेश पत्र	141	Attendance Slip- cum- Entry Pass	269
ई.सी.एस. अधिदेश फार्म	142	ECS Mandate Form	270

सांविधिक लेखापरीक्षक Statutory Auditors

मेसर्स जैन एण्ड जैन, मुंबई	मेसर्स ए.बी.पी. एण्ड एसोसिएट, भुवनेश्वर	मेसर्स रमेश सी. अग्रवाल एण्ड कंपनी, दिल्ली	मेसर्स कैलाश चंद जैन एण्ड कंपनी, मुंबई
M/s Jain & Jain, Mumbai	M/s ABP & Associates, Bhubaneshwar	M/s Ramesh C Agrawal & Co., Delhi	M/s Kailash Chand Jain & Co., Mumbai

अनुपालन अधिकारी
श्री आर. जोति कलिंगरायन

Compliance Officer
Shri R Jothi Kalingaraayan

कंपनी सचिव
श्री अमित कुमार

Company Secretary
Shri Amit Kumar

निवेशक संपर्क केंद्र: देना कॉर्पोरेट सेंटर, सी-10, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400 051

Investor Relations Centre : Dena Corporate Centre, C-10, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai 400 051

टेलीफोन Tel : 022 - 2654-5318-20, टेली फैक्स Tele- Fax : 022 - 2654 5317, ई-मेल : www.denabank.com

रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट: मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, इकाई: देना बैंक, सी 101, 247 पार्क, एल. बी. एस मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई, महाराष्ट्र - 400083

Registrars and Share Transfer Agents : M/s. Link Intime India Private Limited, Unit: Dena Bank, C 101, 247 Park, L. B. S. Marg, Vikhroli (West), Mumbai, Maharashtra - 400083

टेलीफोन Tel : 022 - 49186270, टेली फैक्स Tele- Fax : 022 - 49186060, ई-मेल : rnt.helpdesk@linkintime.co.in, Bonds.helpdesk@linkintime.co.in

वर्षवार तुलनात्मक कार्य-निष्पादन Yearwise Comparative Perfomance

कार्य - निष्पादन मानदंड	Performance Parameters	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17
कारोबार माध्यम एवं संसाधन	**Delivery Channels & Resources**					
शाखाओं की संख्या (सी.बी.एस. सहित)	No. of Branches (with CBS)	1,464	1,633	1,739	1,846	1,874
एटीएम की संख्या	No. of ATMs	620	1,421	1,482	1,471	1,538
कर्मचारियों की संख्या	No. of Employees	11,093	12,983	13,632	13,906	13,985
पूंजी	**Capital**					
पूंजी	Capital	350.06	537.82	561.15	666.93	787.15
आरक्षितियां(पुनर्मूल्यांकन आरक्षितियों को छोडकर	Reserves (Excluding Revaluation Reserves)	4,559	5,793	6,114	5,545	5799
पूंजी पर्याप्तता अनुपात (%)	Capital Adequacy Ratio (%)					
बेसल II के अनुसार	As Per Basel II	11.03	11.87	11.21	11.27	-
बेसल III के अनुसार	As Per Basel III	10.47	11.14	10.93	11.00	11.39
कारोबार मानदंड	**Business Parameters**					
कारोबार संमिश्र	Business Mix	163,664	188,650	196,565	203,242	191,481
वृद्धि % मे	Increase in %	21.84	15.27	4.20	3.41	-5.79
कुल जमाराशियां	Total Deposit	97,207	110,028	115,936	117,431	113,943
वृद्धि % मे	Increase in %	25.97	13.19	5.37	1.29	-2.97
कुल अग्रिम (सकल)	Total Advances (Gross)	66,457	78,622	80,629	85,811	77,538
वृद्धि % मे	Increase in %	16.27	18.31	2.55	6.43	-9.64
प्राथमिकता क्षेत्र को अग्रिम	Advances to Priority Sector	18,868	26,173	28,454	34,117	36,992
% के रुप में प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम	Priority Sector Advances in % terms	33.18	38.44	35.03	40.23	40.71
कृषि	Agriculture	6,719	10,800	12,312	15,912	16,375
वृद्धि % मे	Increase in %	21.19	60.73	14.00	29.24	2.90
रिटेल	Retail	7,724	9,706	10,910	12,053	13,301
वृद्धि % मे	Increase in %	6.07	25.67	12.41	10.48	10.35
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम(एमएसएमई)	Micro, Small and Medium Enterprises (MSME)	10,673	13,217	15,256	13,983	12,458
वृद्धि % मे	Increase in %	28.73	23.84	15.42	-8.34	-10.91
वित्तीय स्थिति	**Financials :**					
परिचालनगत लाभ	Operating Profit	1,738.86	1,774.03	1,330.27	925.30	1390.21
निवल लाभ / हानि (-)	Net Profit/Loss(-)	810.38	551.66	265.48	-935.32	-863.63
ब्याज से आय	Interest Income	8,899	9,978	10,763	10,646	10,182
ब्याज व्यय	Interest Expenses	6,516	7,473	8,316	8,169	7,773
गैर ब्याज आय	Non Interest Income	655	917	721	717	1,251
कुल आय	Total Income	9,555	10,895	11,485	11,363	11,433
कुल व्यय	Total Expenses	7,816	9,121	10,155	10,437	10,043
निवल ब्याज मार्जिन	Net Interest Margin (%)	2.8	2.52	2.25	2.16	2.00
जमाराशि लागत	Cost of Deposit (%)	7.7	7.6	7.66	7.20	6.43
निधि लागत	Cost of Fund (%)	7.7	7.62	7.71	7.25	6.54
अग्रिमों पर आय	Yield on Advances (%)	11.76	11.29	10.89	10.05	8.98

वर्षवार तुलनात्मक कार्य-निष्पादन Yearwise Comparative Perfomance

कार्य - निष्पादन मानदंड	Performance Parameters	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17
निधियों पर आय (%)	Yield on Funds (%)	10	9.6	9.42	8.84	8.03
आस्तियों पर प्रतिफल	Return on Assets	0.86	0.51	0.22	-0.75	-0.67
लाभांश (₹)	Dividend (₹)	4.70	2.20	0.90	0.00	0.00
ईक्विटी पर प्रतिफल (%)	Return on Equity (%)	17.62	9.82	4.08	-13.54	-13.50
प्रति शेयर अर्जन (₹)	Earning per share (₹)	23.15	14.4	4.94	-15.50	-11.89
आस्ति गुणवत्ता अनुपात:	**Asset Quality Ratios :**					
सकल एन.पी.ए	Gross NPA	1,452	2,616	4,393	8,560	12,619
सकल अग्रिमों की तुलना में सकल गैर निष्पादक आस्तियों का अनुपात%	Gross NPA to Gross Advances Ratio %	2.19	3.33	5.45	9.98	16.27
निवल एन.पी.ए	Net NPA	917	1,819	3,014	5,230.47	7,735.12
निवल अग्रिमों की तुलना में निवल गैर निष्पादक आस्तियों का अनुपात %	Net NPA to Net Advances Ratio%	1.39	2.35	3.82	6.35	10.66
एन.पी.ए प्रावधान कवरेज (%)	NPA Provision Coverage (%)	69.58	56.44	52.97	52.79	50.56
उत्पादकता अनुपात :	**Productivity Ratios :**					
प्रति कर्मचारी कारोबार	Per Employees Business	14.75	14.53	14.42	14.62	13.69
प्रति शाखा कारोबार	Per Branch Business	119.03	121.4	118.13	114.57	102.18

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश

प्रिय शेयरधारकों,

मुझे लगातार पांचवें वर्ष आपके बैंक की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बहुत खुशी हो रही है.

वर्ष के दौरान:

i. भारत सरकार ने आपके बैंक में दो बार पूंजी निवेश किया है. प्रथम बार, माह सितंबर 2016 में, ₹ 446 करोड़ की राशि और दूसरी बार, माह मार्च 2017 में ₹ 600 करोड़ पूंजी की राशि के रूप में निवेश किया.

ii. बैंक शेयरों के अधिमानी निर्गम के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम ने ₹ 172.33 करोड़ से अभिदत्त किया है.

iii. बैंक शेयरों के अधिमानी निर्गम के लिए भारतीय साधारण बीमा निगम ने ₹ 20 करोड़ से अभिदत्त किया है.

इन पूंजी को लगाने और अभिदानों के कारण इस कठिन समय में भी आपका बैंक 11.39% की सुधरी हुई पूंजी पर्याप्तता अनुपात दर्ज करने में सक्षम हुआ है.

लागत को कम करने के अपने सतत प्रयासों में, बैंक ने 8.76 % की कूपन दर पर बेसल III अनुपालित अतिरिक्त टियर I (ए.टी.1) बांड जारी करके ₹ 400 करोड़ की राशि जुटाई और ₹ 300 करोड़ की राशि के 9.20% की कूपन दर पर जारी किए गए बॉडों का मोचन किया.

इस क्रम में दूसरे वर्ष के लिए, बैंक की मजबूत ब्रांड छवि "अधिकतम विश्वस्त ब्रांड्स - 2016" के इकॉनॉमिक टाइम्स ब्रैंड इक्विटी सर्वेक्षण में मान्यता दी गई, जहां सशक्त ब्रांड इक्विटी श्रेणी के अंतर्गत सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में आपका बैंक 10 वें स्थान पर था. बैंक के हितधारकों के रूप में, यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है.

वित्त वर्ष 2016-17 में बैंक के मुख्य निष्पादनों के बारे में आपको जानकारी देने से पूर्व, मैं वैश्विक और भारतीय आर्थिक परिदृष्य और भारतीय बैंकिंग उद्योग के रूझानों के बारे में बताना चाहता हूं जो कि परिचालन वातावरण में उन चुनौतियों और अवसरों की रूपरेखा निर्मित करता है जिसमें आपका बैंक कार्य कर रहा है.

आर्थिक अवलोकन

2016 के ग्रीष्म काल के बाद से वैश्विक वृद्धि लगातार अच्छी रही है, जिसने वैश्विक परिवेश को उजागर किया है. वृद्धि उत्साही वित्तीय बाजारों के साथ तथा एक लंबे समय से विनिर्माण और व्यापार में प्रतीक्षित चक्रीय वसूली से वृद्धि में तेजी आ रही है. आई.एम.एफ. के अनुसार वैश्विक वृद्धि का अनुमान 2016 के 3.1% से बढ़कर 2017 में 3.5% होना पूर्वानुमानित है.

भारतीय अर्थव्यवस्था

"विमुद्रीकरण, दिवाला और दिवालियापन संहिता और वस्तु एवं सेवा कर बिल" के रूप में वित्तीय वर्ष 2016-17 में भारतीय अर्थव्यवस्था में वृहद् बदलाव आया.

भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक ने संयुक्त रूप से अन्य विनियामक और संरचनात्मक सुधारों सहित इन ऐतिहासिक घटनाओं ने उभरते हुए और विकासशील अर्थव्यवस्था के मध्य कारोबार और निवेश के लिए भारत को एक विख्यात केंद्र के रूप में निर्मित किया है.

प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में अपने विश्वास को बनाए रखा है. एशियाई विकास बैंक (ए.डी.बी.) ने यह भी स्पष्ट किया है कि दक्षिण एशिया का विस्तार भारत में तेजी से वसूली के कारण ही होगा.

विमुद्रीकरण की ऐतिहासिक कार्रवाई को भारत को नकदी रहित अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक उपाय के रूप में देखा जा सकता है. डिजिटल इंडिया, स्मार्ट सिटी, मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया आदि जैसी पहलों के माध्यम से भारत नए अवसरों पर ध्यान केंद्रित कर विश्व के प्रथम राष्ट्रों में शामिल होने की दिशा में तेजी से अग्रसर है.

वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) को लागू करने की अन्य महत्वपूर्ण कार्रवाई, अधिकांश अप्रत्यक्ष करों जैसे उत्पाद शुल्क, बिक्री और सेवाएं लेवी को एक कर में शामिल करके अप्रत्यक्ष कर संरचना को नया रूप प्रदान करेगा. इससे 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम को भी बढ़ावा मिलने की आशा है क्योंकि निर्माताओं को पूंजीगत वस्तुओं के लिए पर्याप्त निविष्टि कर ऋण प्राप्त होगा.

बैंकिंग उद्योग की प्रवृत्तियां

भुगतान और लघु वित्त बैंकों और फिनटेक कंपनियों द्वारा परिचालनों के प्रारंभ के साथ बैंकिंग उद्योग की रूप-रेखा ने विस्तार करना आरंभ कर दिया है. हालांकि, बढ़ते एन.पी.ए. और ऋण वृद्धि में मंदी बैंकिंग उद्योग के लिए चुनौतियां बनी हुई हैं.

दिवाला और दिवालियापन संहिता के अधिनियमन तथा सरफेसी और डी.आर.टी. अधिनियम में संशोधन एन.पी.ए. के तीव्रतर वसूली में सुविधा प्रदान करेगा.

विधायी परिवर्तन जैसे कि बेनामी लेनदेन (निषेध) संशोधन अधिनियम, 2016, रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 तथा आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (ए.आर.सी.) में एफ.डी.आई. निवेश से विदेशी और घरेलू निवेश को आकृष्ट करने में सुधार होगा.

विमुद्रीकरण ने देश में डिजिटल लेन-देन में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया है. चूंकि डिजिटल अर्थव्यवस्था समृद्ध हो रही है, इसलिए बैंक, लेन-देनों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न डिजिटल कारोबार मॉडल और नए चैनलों को अंगीकार कर रहा है.

बैंक का निष्पादन

वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान आपके बैंक के निष्पादन की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं :

मुझे आपको सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि जैसा कि विगत ए.जी.एम. में सूचित किया गया था कि वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान वृद्धि के लिए कृषि, कासा जमाओं, खुदरा, एम.एस.एम.ई. क्षेत्रों के अग्रिम पर बैंक ने ध्यान केंद्रित किया है और कासा जमाओं, खुदरा, कृषि, प्राथमिकता क्षेत्र के एम.एस.एम.ई. अग्रिमों में महत्वपूर्ण वृद्धि किया है.

कम लागत वाले कासा जमाओं में निरपेक्ष और कुल जमाओं की प्रतिशत के रूप में वृद्धि हुई हैं. निरपेक्ष रूप से इनमें 31 मार्च, 2016 को ₹ 34,369 करोड़ से 31 मार्च 2017 को ₹ 43,222 करोड़ की वृद्धि हुई और कुल जमा राशि के प्रतिशत के रूप में इसमें 29.27% से 37.93% तक सुधार हुआ है.

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान खुदरा अग्रिमों ने 10.35% की वृद्धि दर्ज की और 31 मार्च 2016 को ₹ 12,053 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2017 को ₹ 13,301 करोड़ के स्तर पर रहा.

कृषि अग्रिम में 31 मार्च, 2016 को ₹ 15,912 करोड़ से 31 मार्च, 2017 को ₹ 16,375 करोड़ की वृद्धि हुई, जिसमें 2.90% की वृद्धि दर्ज की गई और 18% की विनियामक न्यूनतम को पार कर, समायोजित निवल बैंक ऋण (ए.एन.बी.सी.) का 18.02% रहा.

प्राथमिकता क्षेत्र एम.एस.एम.ई. अग्रिम 31 मार्च, 2016 तक के ₹ 13,957 करोड़ से 31 मार्च, 2017 को ₹ 15,316 करोड़ की वृद्धि कर, 9.74% की वृद्धि दर्ज की.

प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम 31 मार्च, 2016 को ₹ 34,117 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2017 को ₹ 36,992 करोड़ रहा, जिसमें 8.43% की वृद्धि दर्ज की गई और 40% की विनियामक न्यूनतम को पार कर, समायोजित निवल बैंक ऋण (ए.एन.बी.सी.) का 40.71% रहा.

आपके बैंक का कुल व्यय वित्तीय वर्ष 2015-16 के ₹ 10,437 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2016-17 में मामूली कमी के साथ ₹ 10,042 करोड़ रहा और विगत वित्तीय वर्ष के

परिचालनगत व्यय के उसी स्तर पर बनाए रखा.

जमाओं की लागत वित्तीय वर्ष 2015-16 की 7.20% से घटकर वित्तीय वर्ष 2016-17 में 6.43% रही.

बैंक का परिचालनगत लाभ 50.24% की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 2015-16 के ₹ 925.30 करोड़ से वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए ₹ 1390.21 करोड़ रहा.

शुद्ध हानि को देखते हुए, बैंक के निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए किसी भी लाभांश की सिफारिश नहीं की है.

आस्ति गुणवत्ता

आपके बैंक ने एनपीए में कमी लाने के लिए अत्यधिक प्रयास किए और विगत वर्ष के दौरान ₹ 728 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान ₹ 1,120 करोड़ की नकदी वसूली की.

विगत वर्ष 2015-16 के दौरान ₹ 66 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान ₹ 115 करोड़ बट्टे खाते डाले गए खातों से वसूल किए गए.

31 मार्च, 2017 को, सकल एन.पी.ए. विगत वर्ष के दौरान ₹ 8,560 करोड़ की तुलना में ₹12,619 करोड़ रहा. प्रतिशत के रूप में यह गत वर्ष के दौरान 9.98% की तुलना में 16.27% रहा है.

31 मार्च, 2017 को, सकल एन.पी.ए. विगत वर्ष के दौरान ₹ 5230 करोड़ की तुलना में ₹ 7735 करोड़ रहा, प्रतिशत के रूप में विगत वर्ष के दौरान 6.35% की तुलना में 10.66% रहा.

पूंजी पर्याप्तता मानदंड

बेसल III के अंतर्गत 10.25% की विनियामक आवश्यकताओं की तुलना में पूंजी का जोखिम (भारित) आस्ति अनुपात (सी.आर.ए.आर.) में 31 मार्च, 2016 को 11.00% से 31 मार्च, 2017 को 11.39% का सुधार हुआ.

इसी प्रकार, बैंक का टियर I पूंजी अनुपात 8.25% की विनियामक आवश्यकता की तुलना में 31 मार्च, 2016 को 8.59% से बढ़कर 31 मार्च, 2017 को 9.05% हो गया.

शाखा विस्तार

कार्यक्षेत्र को बढ़ाने की दृष्टि से, आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष के दौरान 30 नई शाखाएं खोली हैं. 31 मार्च, 2017 को देश भर में 1,874 शाखाएं हैं, जिनमें से 58% शाखाएं ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं.

मानव संसाधन विकास

वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने 129 परिवीक्षाधीन अधिकारियों, 113 विशेषज्ञ अधिकारियों, 281 लिपिकों और 224 अधीनस्थ कर्मचारियों की भर्ती की है. वर्तमान में बैंक की मानव संसाधन की संख्या 13,985 है जिसमें से 3,750 महिलाएं हैं.

डिजिटल पहल

आपके बैंक ने नकदीरहित अर्थव्यवस्था की सुविधा प्रदान करने के लिए बहुत प्रगति की है. सफलतापूर्वक की गई विभिन्न डिजिटल पहल निम्नानुसार हैं:

1. 25 गांवों का डिजिटलीकरण;
2. 95 ई-स्मार्ट केंद्रों की स्थापना,
3. 5,300 बिक्री केन्द्र (प्वाइंट ऑफ सेल) मशीनों का संस्थापन,
4. यूपीआई, भीम, भीम आधार आदि जैसे नए मोबाइल बैंकिंग चैनलों का शुभारंभ,
5. "देनारिवार्ड्ज" निष्ठा कार्यक्रम का आरंभ,
6. इलेक्ट्रॉनिक भुगतान और संग्रहण सेवाएं प्रदान करने के लिए पे यू के साथ गठजोड़ व्यवस्था,
7. रिलायंस जियो मनी वॉलेट के साथ गठजोड़ व्यवस्था

डेबिट / क्रेडिट का उपयोग करते हुए अपने खाते से नकदी आहरण में जनता को सक्षम बनाने के लिए आपके बैंक ने कई अस्थायी मोबाइल एटीएम और पीओएस टर्मिनलों के साथ बैंक कर्मचारियों को तैनात करके दूरदराज के क्षेत्रों सहित देश भर में नोट-बंदी पश्चात् आम जनता के नकदी संकट को दूर करने के लिए असाधारण उपाय किए हैं. ये सुविधाएं न केवल ग्राहकों को बल्कि जनता के लिए भी महत्वपूर्ण स्थानों जैसे अस्पताल, हाउसिंग सोसायटी, शिक्षण संस्थान, भीड़ भरे स्थानों आदि जगह बड़े पैमाने पर उपलब्ध कराई गई थी. इस नवोन्मेषी पहल ने जनमानस के बीच बैंक के लिए बहुत बड़ी ख्याति और प्रचार हासिल किया.

अन्य पहलें

1. देना निवास आवास ऋण योजना के अंतर्गत ओवरड्राफ्ट और टॉप-अप की सुविधा.
2. ग्राहकों की आवश्यकताओं को निर्बाध तरीके से पूर्ण करने के लिए बैंक ने विभिन्न गठजोड़ व्यवस्था किया हैं जैसे:
    1. सामान्य बीमा कारोबार के लिए चोला एम.एस. जनरल बीमा कंपनी और स्वास्थ्य बीमा उत्पादों के वितरण के लिए अपोलो म्यूनिच हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ गठजोड़ व्यवस्था की हैं.
    2. किसानों / व्यापारियों / प्रोसेसरों / आढ़तियों आदि को उनके द्वारा जारी किए गए गोदाम रसीदों की गिरवी के समक्ष वित्त प्रदान करने के लिए मेसर्स स्टार एग्री वेयरहाउसिंग और कोलेटरल मैनेजमेंट लिमिटेड, मेसर्स एडलवाइज एग्री वैल्यू चेन लिमिटेड, मेसर्स नवज्योति कमोडिटी मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड.
    3. किसानों को कृषि मशीनरी / उत्खनन आदि की खरीद के लिए वित्तपोषण हेतु मेसर्स जेसीबी इंडिया लिमिटेड.
    4. नए वाणिज्यिक वाहनों / अर्थ मूविंग उपकरणों (3 पहिया वाहनों के अलावा) और कारों के वित्तपोषण के लिए मेसर्स टाटा मोटर्स लिमिटेड
    5. वाणिज्यिक वाहनों / उपकरण (3 पहिया वाहनों के अलावा) को वित्तपोषण के लिए मेसर्स एएमडब्ल्यू मोटर्स लिमिटेड
    6. लघु सड़क परिवहन संचालक (एसआरटीओ) योजना के अंतर्गत वाणिज्यिक वाहनों (3/4 पहिया वाहनों) के वित्तपोषण के लिए मेसर्स अशोक लीलैंड लिमिटेड
    7. माविम द्वारा चिह्नित महिला स्वयं सहायता समूह को वित्तपोषण के लिए मेसर्स महिला आर्थिक विकास महामंडल (एम.ए.वी.आई.एम.)

समावेशित संवृद्धि

आर्थिक संवृद्धि का लाभ लेने के लिए, हमें इसे समावेशित बनाने की आवश्यकता है. अपने फायदे के लिए बहुमूल्य होने के अलावा, समावेशित संवृद्धि वास्तव में आगे आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने का एक सूचक्र परिणाम हो सकता है. आपके बैंक ने इस क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य किया है.

आपके बैंक ने प्रधान मंत्री जन-धन योजना [पी.एम.जे.डी.वाई.] के अंतर्गत 18.50 लाख खातों के लक्ष्य की तुलना में 39.90 लाख खाते खोले हैं और 26.14 लाख रुपे कार्ड भी जारी किए हैं.

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश

आपके बैंक ने वित्तीय समावेशन के अंतर्गत आवंटित सभी 6,439 गांवों को कवर किया है. उपर्युक्त में से 5,758 गांवों को बी.सी. मॉडल के माध्यम से और 681 गांवों को पारंपरिक बैंकिंग के माध्यम से कवर किया है.

आपके बैंक ने मार्च 2017 को आधार संख्या के लिए 9.86 करोड़ निवासियों का नामांकन किया है और यू.आई.डी.ए.आई. के गैर-राज्य पंजीयकों में शीर्ष स्थान है.

भावी योजनाएं

वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए, आपका बैंक मुख्य रूप से एन.पी.ए. कम करने पर ध्यान केंद्रित करेगा.

वृद्धि के लिए, बैंक कासा जमा और कृषि, खुदरा और एम.एस.एम.ई. क्षेत्रों में और अग्रिमों पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा.

वर्ष 2007 के दौरान, बैंक ने कोर बैंकिंग समाधान के कार्यान्वयन के रूप में एक प्रौद्योगिकी रुपांतरण की पहल की है. इस प्रक्रिया में, बैंक शाखाओं को चरणों में सी.बी.एस. प्लेटफॉर्म के अधीन लाया गया और सभी शाखाएं दिसंबर 2009 से सीबीएस के अधीन हैं. प्रौद्योगिकी के संदर्भ में, आपका बैंक भारत के किसी भी बड़े बैंक के बराबर है. प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में इस असाधारण उपाय ने बैंक को अपनी कार्य-पद्धति में सुधार करने में सक्षम बनाया है.

उत्पादकता, लाभप्रदता, और ज़ोखिम प्रबंधन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से अब बैंक ने एक और महत्वपूर्ण रूपांतरण की यात्रा शुरू की है जिसे "देना प्रगति" का नाम दिया गया है.

बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप, एक विश्व प्रसिद्ध रणनीतिक सलाहकार फर्म, इस रुपांतरण प्रक्रिया में बैंक को मार्गदर्शन प्रदान करेगा.

आभार

अंत में, मैं यह कहना चाहूंगा कि भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, विभिन्न राज्य सरकारों, भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड, बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण और अन्य सभी हितधारकों को उनके बहुमूल्य संरक्षण, मार्गदर्शन, समर्थन के लिए धन्यवाद व्यक्त करता हूं और समयोचित सलाह और उनके निरंतर समर्थन और सहयोग की अपेक्षा करता हूं.

वित्तीय वर्ष 2016-17 की चुनौतीपूर्ण अवधि के दौरान अपने मूल्यवान संरक्षण और समर्थन के लिए सभी शेयरधारकों, ग्राहकों और शुभचिंतकों को भी मैं धन्यवाद देता हूं और उनके निरंतर संरक्षण प्राप्त करने की अपेक्षा करता हूं.

बैंक का मंडल इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान बैंक का लगातार मार्गदर्शन कर रहा है और मैं उनके प्रोत्साहन और मार्गदर्शन की सराहना करता हूं.

मैं बैंक को दिए जा रहे समर्थन के लिए नाबार्ड, सिडबी और अन्य वित्तीय संस्थानों, बैंकों और प्रतिनिधियों का भी आभारी हूं.

अंत में, बैंक के सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा किए गए अथक और अनवरत प्रयासों की सराहना करता हूं, जिनके सहयोग के बिना इस चुनौतीपूर्ण समय में हासिल की गई प्रगति संभव नहीं हो सकती थी. संस्थान को दिए जा रहे निरंतर समर्थन के लिए स्टाफ के परिवार सदस्यों के प्रति भी मैं आभार व्यक्त करता हूं.

मैं आगामी वर्षों में बैंक की निरंतर प्रगति के लिए सभी हितधारकों के निरंतर सहयोग और समर्थन की अपेक्षा करता हूं.

शुभकामनाओं सहित

अश्वनी कुमार

(अश्वनी कुमार)